Title: Re: Need to provide stoppage of Train Nos. 22419/20, 15231/32 and 09065/66 at Kerakat Railway Station in Jaunpur district, Uttar Pradesh.

श्री भोलानाथ ?बी. पी. सरोज? (मछलीशहर): मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर, जनपद जौनपुर के अंतर्गत विधानसभा केराकत के केराकत रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों के ठहराव की अति आवश्यकता है । काफी समय से वहां की जनता मांग करती आ रही है कि केराकत रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव किया जाये जिनका विवरण इस प्रकार से है (1.) गाड़ी संख्या 22419 तथा 22420 गाजीपुर - आनंदविहार एक्सप्रेस (2) गाड़ी संख्या 15231 तथा 15232 बरौनी- गोदिया (3.) एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 09065 तथा 09066 छपरा एक्सप्रेस । मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि इन ट्रेनों का केराकत रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने की कृपा करे ।